नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 आधुनिकता, अनुसंधान, शिक्षा और प्रगति से भरपूर है ईरान


6 संत कबीर : आत्मबोध, प्रेम और क्रांति के अमर गायक


7 ज्योतिष : तारों से आत्मा तक की एक समन्वित यात्रा


10 दिल्ली की लगातार दूसरी जीत

# केरल में होगा ऐतिहासिक परिवर्तन : मोदी

## असम, केरल, पुडुचेरी, गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में 9 को होगा मतदान

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की चुनावी सभा**

**तिरुवल्ला/तिरुअनंतपुरम, 04 अप्रैल. विधानसभा 2026 के लिए पांच राज्यों में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है. यहां सभी पार्टियां प्रचार में लगी हुई है. असम, केरल, पुडुचेरी, गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल को मतदान होगा. इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तिरुवल्ला में जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने दावा किया कि 9 अप्रैल को मतदान के बाद 4 मई को भाजपा-एनडीए गठबंधन केरल में सरकार बनाएगा. उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत जय केरलम, जय विकासित केरलम के नारे के साथ की.**



प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार केरल में माहौल बदला हुआ है और राज्य एक ऐतिहासिक परिवर्तन के लिए तैयार है. उन्होंने कहा कि एनडीए को महिलाओं और आम जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है. पीएम मोदी ने एनडीए उम्मीदवार अनूप की सराहना की और उन्हें समर्पित और मेहनती नेता बताया. उन्होंने कहा कि अनूप पिछले पांच वर्षों से उनके साथ काम कर रहे हैं और अब केरल की सेवा के लिए तैयार हैं. नरेंद्र मोदी ने एलडीएफ और यूडीएफ पर हमला बोलते हुए कहा कि दोनों गठबंधनों ने लंबे समय तक केरल की उपेक्षा की है. उन्होंने खराब सड़कों, पुलों की कमी और मेडिकल सुविधाओं की स्थिति को लेकर भी सवाल उठाए.

**पूर्वोत्तर और गोवा का उदाहरण:** पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों और गोवा में एनडीए सरकारों ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और केरल में भी ऐसा ही विकास संभव है. नरेंद्र मोदी ने कहा कि सबरीमाला रेलवे परियोजना से क्षेत्र में रोजगार और व्यापार के नए अवसर पैदा होंगे. हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने इस परियोजना में बाधाएं उत्पन्न की हैं. प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल में भाजपा-एनडीए की सरकार बनने पर डबल इंजन की ताकत से विकास को नई गति मिलेगी और किसानों, मछुआरों व स्थानीय समुदायों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा.

**पीएम मोदी ने केंद्र सरकार के योगदान का जिक्र**

पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में केरल को पहले की तुलना में पांच गुना अधिक धनराशि मिली है, जिससे राज्य के विकास को गति मिली है. प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए की नीतियों से महिलाओं को सबसे अधिक लाभ हुआ है. शौचालय निर्माण, बैंक खाते, आवास और मुद्रा योजना के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाया गया है. उन्होंने लखपति दीदी योजना का जिक्र करते हुए बताया कि 3 करोड़ महिलाओं को इसका लाभ मिल चुका है और 3 करोड़ और बनाने का लक्ष्य है.

**दिलीप घोष ने खड़गपुर से नामांकन किया दाखिल**

पश्चिम बंगाल की खड़गपुर सीट से बीजेपी उम्मीदवार दिलीप घोष ने नामांकन दाखिल किया. उन्होंने कहा- हमारा चुनाव प्रोसेस नॉमिनेशन से शुरू होता है. रविवार से हम कैंपेन शुरू करेंगे. हमारे वर्कर बहुत जोश के साथ नॉमिनेशन फाइल करने आए हैं. इसी जोश के साथ हम चुनाव जीतेंगे और लड़ेंगे.

# राहुल गांधी बोले- मेरे ऊपर 36 केस हैं दर्ज

**एर्नाकुलम, 4 अप्रैल. केरल के एर्नाकुलम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- जो कोई भी बीजेपी-आरएसएस के खिलाफ सवाल उठाता है, उसे टारगेट किया जाता है. मेरे खिलाफ 36 केस हैं. उन्होंने मेरा सरकारी घर कैंसिल कर दिया, उन्होंने मेरी लोकसभा मेंबरशिप रद्द कर दी, मैं बेल पर बाहर हूं. मैं 5 घंटे पूछताछ चाहता हूं.**



लेफ्ट फ्रंट के वर्कर्स और नेताओं से पूछना है कि आपके लीडर, आपके चीफ मिनिस्टर से कभी पूछताछ क्यों नहीं हुई? सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स ने उन पर हमला क्यों नहीं किया? आप वजह अच्छी तरह जानते हैं. आपके चीफ मिनिस्टर ने अपने करप्शन की वजह से पहले ही समझौता कर लिया है.

राहुल गांधी ने इडुक्की जिले में चुनावी रैली में कहा- राज्य में कृषि और प्लांटेशन सेक्टर बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। किसानों और मजदूरों को पर्याप्त समर्थन नहीं मिल रहा है। जमीन के अधिकारों को लेकर भी लोगों में असंतोष है। उन्होंने इलाके में बढ़ रहे मानव-वन्यजीव संघर्ष का भी जिक्र किया, जो किसानों और ग्रामीणों के लिए बड़ी चिंता बना हुआ है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कहा - पिछले चुनाव में एलडीएफ ने रबर का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाकर 250 रुपये करने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नियंत्रण वाला रबर बोर्ड एमएसपी को 300 रुपये तक बढ़ाने को तैयार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों परिवारों को भूमि अधिकारों से वंचित किया गया है.

## एक नजर में



**ईसी ने कहा- ईसीआईएनईटी प्लेटफॉर्म का करेंगे उपयोग**

**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव और उपचुनावों को लेकर डिजिटल पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों से ईसीआईएनईटी प्लेटफॉर्म का उपयोग करने की अपील की है. आयोग ने शनिवार को कहा कि ईसीआईएनईटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से मतदाता अपने उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्ति और देनदारियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि असम, केरल और पुड्डुचेरी में होने वाले चुनावों तथा चार राज्यों के उपचुनावों के लिए कुल 1,955 उम्मीदवार मैदान में हैं.

**दिल्ली में पिता ने 19 साल की बेटी की हत्या की**

**नई दिल्ली.** दिल्ली के हरि नगर इलाके में 19 साल की युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है. पुलिस ने इसे ऑनर किलिंग मानते हुए पिता और बेटे को गिरफ्तार किया है. घटना तब सामने आई थी, जब पुलिस को पीसीआर कॉल मिली कि एक युवती की हत्या कर दी गई है और उसका शव अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंतिम संस्कार रुकवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा. जांच में सामने आया कि युवती पिछले दो साल से अपने गांव के एक युवक के साथ रिश्ते में थी, जिसका परिवार विरोध कर रहा था.



# ग्वालियर चंबल में तेज ओलावृष्टि का 60 साल का रिकॉर्ड टूटा, फसलें बर्बाद

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 4 अप्रैल.** शनिवार को ग्वालियर एवं आसपास के क्षेत्र में सड़कों पर कश्मीर जैसा नजारा दिखा। दोपहर की तपन के बाद अचानक हुई 15 मिनट की भारी ओलावृष्टि ने शहर को सफेद चादर से ढंक दिया। करीब 2.5 सेमी के बड़े ओलों ने भीषण गर्मी से राहत तो दी, लेकिन साथ ही कुदरत के तेवर भी दिखा दिए। देश के अन्य हिस्सों की तरह ग्वालियर में भी मौसम ने अचानक करवट बदली। दोपहर तक भीषण गर्मी और तपिश झेल रहे शहरवासियों को शाम होते-होते कुदरत के एक अलग ही रूप का सामना करना पड़ा। देखते ही देखते पूरा शहर 'गुलमर्ग' जैसा नज़र आने लगा। करीब 15 मिनट तक हुई भीषण ओलावृष्टि ने सड़कों और छतों को सफेद बर्फ से ढंक दिया। दोपहर 3:50 बजे अचानक आंधी के साथ बारिश शुरू हुई। इस दौरान करीब 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और लगभग 2.5 सेंटीमीटर व्यास (डायमीटर) के बड़े-बड़े ओले गिरे। 15 मिनट की इस ओला-वृष्टि से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से तत्काल राहत तो मिली, शहर में सफेद चादर देख लोग झूम उठे, सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर वायरल करने की होड़ सी लग गई। ओलों के प्रहार से कई वाहनों के शीशे और बॉडी को और वृक्षों को नुकसान पहुँचा है। गांव में फसलों की बर्बादी देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें भी देखने को मिलीं।

वहीं आंधी से जगह जगह के टीन टप्पड उड़ गये और होर्डिंग फट गये. मौसम विभाग के अनुसार 7 अप्रैल तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. हालांकि, बदला हुआ मौसम किसानों के लिए चिंता बढ़ा रहा है. लगातार नमी और बारिश के कारण गेहूं की फसल प्रभावित हो रही है. विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मौसम ऐसा ही बना रहा, तो फसल को और नुकसान हो सकता है. यहां बता दें कि गत रोज तक गर्मी के कारण घर से निकलते समय लोग चेहरा और शरीर ढंककर निकल रहे थे और धूप से बचने के लिए छांव तलाश रहे थे. हालांकि, रात में हुई हल्की बारिश और शनिवार को आंधी बारिश और ओलावृष्टि ने मौसम को सुहाना बना दिया और लोगों को गर्मी से राहत मिली है. मौसम विभाग ने पहले ही तेज बारिश, आंधी और ओले गिरने की चेतावनी देते हुये येलो अलर्ट जारी किया था.

शहर में जम्मू-कश्मीर से सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर शनिवार करीब सायं 4 बजे साफ दिखा. शनिवार को ओलावृष्टि से गर्मी से राहत तो मिली लेकिन शहर अस्तव्यस्त हो गया. शनिवार का न्यूनतम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस रहा.

**किसानों और शहरवासियों की बढ़ी चिंता**

जहां एक ओर शहर के युवा इस 'स्नो-फॉल' जैसे नज़ारे का लुत्फ उठाते और फोटो क्लिक करते दिखे, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचल के किसान फसलों के नुकसान को लेकर बेहद चिंतित हैं। मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में सक्रिय 4 वेदर सिस्टम के कारण प्रदेश के 30 जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी रह सकता है।

# सीएम ने सरल व्यवहार से लोगों का दिल जीता

## डॉ. यादव ने सपत्नीक बनारस की कचौरी, पूरी-राम भाजी, जलेबी और लस्सी का लिया स्वाद

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार सुबह वाराणसी के श्रीराम भंडार में स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया. उनकी सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया. उन्हें अपने बीच पाकर स्थानीय लोगों को यकीन ही नहीं हुआ. लोग उनसे मिलकर उत्साहित हुए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सादगी देख प्रभावित हुए और मुक्त कंठ से प्रशंसा की.**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सहज और सरल व्यवहार ने आम लोगों का दिल जीत लिया. स्थानीय लोगों ने भी उनसे मुलाकात कर खुशी जाहिर की और उनके इस अंदाज की सराहना की.

शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव का काफिला जब एयरपोर्ट की ओर जा रहा था, तभी वे मिंट हाउस स्थित श्रीराम भंडार पर अचानक रुक गए. यहां उन्होंने बनारस की मशहूर कचौड़ी, पूरी-राम भाजी ,जलेबी और लस्सी का स्वाद चखा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत के हर प्रांत और शहर की अपनी विशिष्ट खान-पान की शैली होती है, जो वहां की पहचान होती है. पारंपरिक व्यंजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं.

# नासिक : रात के अंधेरे में कुएं में गिरी कार



**नासिक, 04 अप्रैल. महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक सामाजिक समारोह से खुशी-खुशी घर लौट रहे परिवार पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब उनकी कार अनियंत्रित होकर एक गहरे कुएं में जा गिरी. जिले के डिंडोरी में शुक्रवार रात हुए इस भीषण हादसे में दरगोडे परिवार के नौ सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार,

**एक ही परिवार के नौ सदस्यों की हादसे में मौत**

डिंडोरी के शिवाजी नगर इलाके में स्थित एक मैरिज हॉल में एक निजी कोचिंग क्लास का स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया था. इंदौर गांव का रहने वाला दरगोडे परिवार अपनी कार से इस कार्यक्रम में शामिल होने आया था. रात करीब 10.00 बजे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब परिवार वापस घर के लिए निकला, तो मैरिज हॉल से कुछ ही दूरी पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया. इस कारण कार सड़क किनारे पानी से लबालब भरे एक कुएं में जा गिरी.

# होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरा एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सान्वी'

**दो और टैंकर लाइन में**

**नई दिल्ली, 04 अप्रैल. पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर ग्रीन सान्वी सफलतापूर्वक होर्मुज स्ट्रेट पार कर गया. जहाज ट्रैकिंग डाटा के अनुसार, यह इस रणनीतिक समुद्री मार्ग को सुरक्षित पार करने वाला सातवां भारतीय पोत है.**

यह टैंकर ईरान के समुद्री इलाके से तय मार्ग का उपयोग करते हुए संवेदनशील जलक्षेत्र से गुजरा. अनुमान है कि इसमें करीब 44,000 टन एलपीजी है, जो भारत की लगभग आधे दिन की खपत के बराबर है. विशेषज्ञों के मुताबिक, जल्द ही भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर ग्रीन आशा और जग विक्रम भी होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत पहुंच सकते हैं. ग्रीन सान्वी के गुजरने के साथ ही फारस की खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले जहाजों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है. इनमें एलपीजी टैंकर, कच्चे तेल के टैंकर, एलएनजी टैंकर, केमिकल टैंकर, कंटेनर जहाज और बल्क कैरियर शामिल हैं. भारत अपने व्यापारी जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए ईरान के साथ डिप्लोमैटिक स्तर पर लगातार संपर्क बनाए हुए है. ईरान ने हालात को देखते हुए गैर-दुश्मन देशों के जहाजों को समन्वय के साथ इस मार्ग से गुजरने की अनुमति दी है.ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पुष्टि की है कि भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान जैसे देशों के जहाजों को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने की अनुमति है.

**कांग्रेस में तकरार** | मोदी सरकार की नीति के समर्थन में खुलकर आए कमलनाथ, आनंद शर्मा, थरूर और अशिवनी कुमार

# एलपीजी संकट पर केंद्र की नीति सराहनीय

**कांग्रेस नेताओं ने कहा- मिडिल ईस्ट संकट को अच्छे से संभाला**

**नई दिल्ली, 04 अप्रैल. कांग्रेस के 3 बड़े नेताओं ने मिडिल ईस्ट जंग और एलपीजी संकट पर पार्टी लाइन से हटकर मोदी सरकार की खुलकर तारीफ की. इनमें कमलनाथ, आनंद शर्मा, शशि थरूर और अश्विनी कुमार शामिल हैं. जबकि राहुल गांधी इन मुद्दों पर केन्द्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं.**



पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने भारत के डिप्लोमैटिक तरीके की तारीफ की और इसे मैच्योर और स्किलफुल बताया. आनंद शर्मा ने सोशल मीडिया पर लिखा- संकट से निपटने में भारत का डिप्लोमैटिक तरीका समझदारी भरा रहा है. इससे संभावित मुश्किलों से बचा गया है. सरकार ने 'एक अप्रत्याशित और अस्थिर स्थिति' में राजनीतिक नेताओं को पॉलिसी फैसलों के बारे में बताने के लिए एक ऑल-पार्टी मीटिंग भी की थी. उन्होंने आगे लिखा कि यह नेशनल डायलॉग जारी रहना चाहिए. राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर एक मैच्योर रिस्पॉन्स आज की जरूरत है. एलपीजी की कमी की कई रिपोर्टों के सामने आने पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एमपी के छिंदवाड़ा में कहा, ऐसी कोई कमी नहीं है. यह बस एक माहौल बनाया जा रहा है कि कमी है. कमलनाथ ने कुछ लोगों पर राजनीतिक फायदे के लिए जानबूझकर पैनिक पैदा करने का आरोप लगाया. हालांकि इस बयान पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी रिएक्शन दिया. उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस के नेता खुद मान रहे हैं कि देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी नहीं है.

**थरूर बोले- भारत ने संयम समझदारी दिखाई**



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पश्चिम एशिया संकट पर भारत सरकार के संयमित रुख का समर्थन करते हुए इसे जिम्मेदार व रणनीतिक कूटनीति बताया है. इस मामले में चुप्पी कायरता नहीं है. बल्कि हमें समझना होगा कि हमारे राष्ट्रीय हित इस इलाके से जुड़े हुए हैं.

**तेल-गैस की आपूर्ति जारी रहना भारत की बड़ी जीत**



ईरान में जारी युद्ध को लेकर पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री अश्विनी कुमार ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि मौजूदा हालात बेहद जटिल हैं और इस संघर्ष को समाप्त कराना किसी एक देश के बस की बात नहीं है. उन्होंने भारत की भूमिका की सराहना की.

# देखिए! कितनी सुंदर है धरती

**वॉशिंगटन, 04 अप्रैल. नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के तहत चंद्रमा की ओर जाते हुए चार अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी की शानदार तस्वीरें खींचीं हैं. पृथ्वी नीले रंग में बेहद खूबसूरत दिख रही है. एक फोटो में पृथ्वी का घुमावदार हिस्सा दिखा जबकि दूसरी फोटो में पूरी धरती नजर आई, जिस पर सफेद बादल छाए थे.**




मिशन पर गए चार अंतरिक्ष यात्री (3 अमेरिकी, 1 कनाडाई) फिलहाल पृथ्वी से करीब 1.8 लाख किलोमीटर दूर पहुंच चुके हैं. अभी उन्हें 2.4 लाख किलोमीटर और जाना है. वे 6 अप्रैल तक चंद्रमा के पास पहुंचेंगे. बता दें कि 1 अप्रैल को सुबह 4.05 बजे स्पेस लॉन्च सिस्टम ओरियन स्पेसक्राफ्ट में सवार 4 अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर चांद की ओर रवाना हुआ था. 1972 के बाद पहली बार कोई इंसान चांद के करीब जाएगा. हालांकि एस्ट्रोनॉट चांद पर कदम नहीं रखेंगे.